## राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

**राजभवन देहरादून 11 मई, 2024**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आईआईटी रूड़की में आयोजित 'स्कूल टू स्टार्टअप–इग्नाइटिंग यंग माइंड्स' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में स्कूली छात्रों द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रकार के तकनीकी मॉडल एवं भारतीय सेना द्वारा लगायी गई आधुनिक हथियार की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

राज्यपाल ने कहा कि आज हम एक नए युग की दलहीज पर खड़े हैं, जहां नवाचार और उद्यमिता केवल मूलमंत्र नहीं हैं, बल्कि हमारे सामूहिक भविष्य को आकार देने के रास्ते भी हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल से स्टार्टअप तक की अनिवार्य यात्रा एक ऐसी यात्रा है जिसमें हम युवा मस्तिष्क को समर्पण के साथ इनोवेशन और नई चीजों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि वे आईआईटी रूड़की में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इंडस्ट्री एक्सेलेरेटर AARTI (ऑटोमोटिव एण्ड अलाइड रिसर्च एण्ड टेक्नोलॉजी इनोवेशन) की स्थापना की दिशा में हो रहे कार्य की प्रगति से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि यह ज्ञान पर आधारित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि आज हर ओर एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात हो रही है और विश्व की बड़ी टेक कम्पनीज भी भारत की एआई की क्षमता का उपयोग करने के लिए नए प्रोजेक्ट्स शुरू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एआई और मशीन लर्निंग जैसी नवीनतम और तेज़ी से बदलती टेक्नोलॉजी की वैश्विक दौड़ में भारत को आगे बढ़ाने में आप जैसे मेधावी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय सेना की दक्षिणी कमांड के कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जनरल सिंह के महान योगदान ने न केवल भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है, बल्कि सैन्य इतिहास में भी इसकी गूंज सुनाई दी है।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने आईआईटी रूड़की के तत्वाधान में दिव्यांगजनों के लिए विकसित इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया। इस अवसर पर आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत, उपनिदेशक प्रो. यू.पी.सिंह, प्रो. नवीन कुमार नवानी, प्रो. अक्षय द्विवेदी, आईआईटी की नवाचार एवं उद्यमिता विकास केन्द्र की अध्यक्ष डॉ. आभा ऋषि, उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल आर.प्रेमराज, आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप पंत सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

..........0...........